यूनेस्को के

सांस्कृतिक उद्योगों तथा कॉपीराइट नीतियों एवं

भागीदारियों संबंधी कार्यक्रम

के अंतर्गत

भारत के सांस्कृतिक मानचित्रण

पर रिपोर्ट

अनुबंध सं. 3240067111 / एफसी00588

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र

जनपथ, नई दिल्ली - 110001

www.ignca.gov.in

विषय-सूची

		पृष्ठ सं.
	आभार	
1.	पृष्ठभूमि	
2.	कार्य निर्धारण	
3.	प्रयुक्त पद्धतियाँ	
4.	इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के प्रयास और विश्लेषण	
5.	भारत का सांस्कृतिक मानचित्र	
6.	सिफ़ारिशें	
7.	आंकड़ा शीट	
	क. कला	
	ख. शिल्प	
	ग. नृत्य	
	घ. संगीत	
	ड. रीति-रिवाज	
	च. त्योहार	
	छ. अन्य	
8.	विशेषज्ञ	
9.	आंकड़ा एकत्रण प्रारूप	

आभार

इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने का श्रेय जनपद संपदा प्रभाग के अधिकारियों नामत: प्रोफेसर बी. के. रॉयबर्मन, डॉ. मौली कौशल, डॉ. बी. एल. मल्ला, कैलाश कुमार मिश्रा और श्री राजीब दास से प्राप्त असाधारण सहयोग को जाता है।

यह परियोजना प्रोफेसर एस. सेत्तार, श्री वीरेन्द्र बांगरू, प्रोफेसर ए. के. दास, डॉ. असीस के. चक्रवर्ती, डॉ. गौतम चैटर्जी, सुश्री मेखलामणि, श्री राहस मोहंती और श्री तोशखानी के सहयोग तथा समर्थन के बिना पूरी नहीं की जा सकती थी।

इस पूरी परियोजना के दौरान डॉ. के. के. चक्रवर्ती, सदस्य-सचिव (इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र) और प्रोफेसर इन्द्र नाथ चौधरी, शैक्षणिक निदेशक (इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र) का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ।

मैं इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में सांस्कृतिक सूचना प्रयोगशाला के प्रत्येक सदस्य से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

1. पृष्ठभूमि

यूनेस्को दस्तावेज़ के अनुसार सांस्कृतिक उद्योग - किताबों, श्रव्य-दृश्य सामग्री तथा मल्टीमीडिया के माध्यम से रोजगार, आय तथा राजस्व सृजित करते हैं और साथ ही स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय माध्यम हैं।

इन्हीं विचारों के साथ वर्ष 2001 में शुरू किए गए'ग्लोबल एलाएंस फॉर कल्चरल डायवर्सिटी' में अब हर क्षेत्र से कई हजार साथी तथा सैकड़ों भागीदार हैं तथा जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र तथा नागरिक समाज से संबद्ध हैं। विकासशील देशों तथा परिवर्तनकाल से गुजर रहे देशों में अन्य संगठन जैसे यूएनसीटीएडी, डब्ल्यूआईपीओ और आईएलओ व्यावहारिक लघु एवं मध्यम आकार के सांस्कृतिक उद्यमों के विकास को प्रोत्साहित करने के प्रयासों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक वस्तुओं तथा सेवाओं में साहित्यिक एवं कलात्मक रचनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, जिनका संरक्षण कॉपीराइट द्वारा सुरक्षित करते हुए पूरे विश्व में पारंपरिक तथा इलेक्ट्रोनिक रूप में प्रचारित एवं प्रसारित की जाती है। वर्तमान में चोरी और ई चोरी के बढ़ने से लेखकों तथा कलाकारों के अधिकारों की पहचान भी खतरे में आ गयी है। साइबरस्पेस के क्षेत्र में यूनेस्को की सांविधिक बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए इसके साथ अनुकूलन के लिए जागरूकता-सृजन, प्रशिक्षण तथा राष्ट्रीय कॉपीराइट कानून को अद्यतन करने की तत्काल आवश्यकता है।

नई अर्थव्यवस्था सूचना पर आधारित है, जहाँ रचनात्मकता, नवाचार तथा ज्ञान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर्थिक विकास की नीतियों में कला एवं संस्कृति को प्राय: कम महत्व दिया जाता है और इन्हें अर्थव्यवस्था में धन के अपव्यय के रूप में देखा जाता है। पूरे विश्व में सांस्कृतिक उद्योगों ने इस पुरानी सोच को गलत सिद्ध किया है। सांस्कृतिक उद्योगों के उत्पादों का उपभोत पूरे विश्व लाखों लोगों द्वारा किया जाता है। भारत में भी परिस्थिति बहुत अलग नहीं है जहाँ कुछ चयनित कलाकृतियाँ बहुत ऊंचे मूल्य पर उपलब्ध हैं।

वैश्विक मांग के बावजूद शिल्पकारों और समुदायों की बाजार पहुँच सीमित है। दूरस्थ स्थानों पर कुशल कारीगर (विशेषज्ञ) मुश्किल से निर्वाह करने की स्थिति में हैं और वे अपना पारंपरिक कार्य छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इसे के साथ जीवन शैली में तेजी से बदलाव होने, पुराना होने और उपेक्षा के कारण ज्ञान और बुद्धिमत्ता का वह विशाल भंडार, जिसने समुदाय का पालनपोषण किया एवं उसे विकसित किया वह तेजी से लुप्त हो रहा है। इन परंपराओं को संरक्षित करने तथा पुनर्जीवित करने और इन्हें हमारे आर्थिक विकास का अभिन्न हिस्सा बनाने की तत्काल आवश्यकता है। इस परियोजना का उद्देश्य भारत में सांस्कृतिक उद्योगों के संरक्षण तथा प्रोत्साहन हेतु कार्यनीतियों, नीतियों और कार्य योजनाके लिए एक संभावना रिपोर्ट उपलब्ध कराना है।

2. कार्य निर्धारण

यूनेस्को के प्रमुख कार्यक्रम IV और सांस्कृतिक उद्योगों तथा कॉपीराइट नीतियों एवं भागीदारियों संबंधी प्रमुख कार्य योजना IV.3.2.1 के अंतर्गत अनुबंधकर्ता के कार्य निम्न हैं:

1. भारत में ऐसे व्यवहार्य सांस्कृतिक उद्योगों के आंकड़े एकत्रित करेगा, उनका मानचित्रण करेगा और विश्लेषण उपलब्ध कराएगा जिन्हें संरक्षण तथा प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

मानचित्रित किए जाने वाले सांस्कृतिक उद्योगों में कला, नृत्य, शिल्प तथा संगीत की सभी व्यवहार्य विधाएँ सम्मिलित होनी चाहिए।

इस क्रियाकलाप में उन रीति-रिवाजों/त्योहारों, सांस्कृतिक स्थानों (जैसे हाट, शोभायात्राओं/सांस्कृतिक एवं धार्मिक रीतिरिवाजों//संस्कारों आदि के लिए स्थान) के मानचित्रण को भी सम्मिलित किया जाएगा जिन्हें सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रथाओं का उद्गम माना जाता है।

चयन के मानदंडों में अवसरों के समान वितरण और पूरे देश में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों और औपचारिक तथा अनौपचारिक - दोनों क्षेत्रों में न्यूनतम आय वाले समुदायों के लिए राजस्व को उचित महत्व दिया जाना चाहिए।

आंकड़ों में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाना चाहिए:

1. व्यवसायियों/कलाकारों/निर्माताओं/शिल्पकारों/नर्तकों/संगीतकारों के फोटो और चित्रों सहित उनकी उपाधि, नाम, पता, संपर्क नंबर।

2. उपर्युक्त उद्योग के संरक्षण तथा प्रोत्साहन हेतु कार्यनीतियों, नीतियों तथा कार्य योजनाओं के ज्ञान-आधारित विस्तार को सक्षम बनाने के लिए प्रत्येक मानचित्रित आंकड़े के अंतर्गत प्रत्यक्ष सामाजिक एवं आर्थिक लाभों का एक आकलन।

3. प्रयुक्त पद्धतियाँ

1. दृश्य कला, प्रदर्शन कला, पारंपरिक कला एवं शिल्प, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं रिवाजों संबंधी अभिव्यक्तियों, मानव एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में ज्ञान पद्धतियों के संबंध में आंकड़े एकत्रित किए गए। आंकड़ों के एकत्रण की पद्धति में *स्वस्थाने* और *दूरस्थ* दोनों प्रयासों को ध्यान में रखा गया।

2. आंकड़ों के एकत्रण के लिए प्रारूप विषय के विशेषज्ञों (मुख्यत: कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक मानव विज्ञानी और कला इतिहासकार) के साथ परामर्श से तैयार किया गया है। संदर्भ के लिए प्रारूप संलग्न है।

3. आंकड़े निम्नलिखित सहित विभिन्न स्रोतों से एकत्रित किए गए हैं,

(i) संस्थाओं और व्यक्तियों (अनुसंधान एवं सांस्कृतिक सूचना केंद्र, राष्ट्रीय एवं राज्य अकादमियाँ, भारत में स्थित विदेशी संस्थाएं, निजी व्यावसायिक उद्यम, ग्रामीण/शहरी मामलों तथा विकास के मुद्दों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन, सरकारी विभाग, विश्वविद्यालय के विभाग और फील्ड में कार्यरत विशेषज्ञ) के साथ नेटवर्किंग के माध्यम से पहले से उपलब्ध सामग्री को सूचीबद्ध एवं संश्लेषित करके।

(ii) विषय विशेषज्ञों के फील्ड सर्वेक्षण से कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल और ओडिशा आदि में आंकड़े एकत्रित किए गए।

(iii) संगत सूचना एकत्रित करने के लिए इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र बैंगलोर (8 अगस्त, 2005) और नई दिल्ली कार्यालय (2 सितंबर, 2005) में कार्यशालाएँ आयोजित की गई।

(iv) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र और अन्य संस्थाओं में पहले से उपलब्ध सामग्री का संश्लेषण प्रक्रियाधीन है।

(v) राष्ट्रीय निवासी वर्गीकरण (1968, 1991) और भाषाओं के संबंध में जनगणना के आंकड़े

4. एकत्रित किए गए आंकड़ों का विश्लेषण तैयार कर लिया गया है।

5. भारत में सांस्कृतिक उद्योगों के संरक्षण तथा प्रोत्साहन हेतु कार्यनीतियों, नीतियों तथा कार्य योजना के लिए सिफ़ारिशें प्रस्तुत कर दी गई हैं।

1. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा उठाए गए कदम और विश्लेषण

भारत कई मायनों में एक समृद्ध देश है। यह एक ओर अपने पारंपरिक ज्ञान को अक्षुष्ण बनाए रखे हुए है और दूसरी ओर नवाचार, अन्वेषण, खोज, तथा अनुसंधान एवं वैज्ञानिक परीक्षण के साथ आगे बढ़ रहा है। यह एक ऐसा देश है जहां आकाश में हमें ऊंचाई पर उड़ते हुए जहाज दिखते हैं, इस देश के अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में पहुँच रहे हैं और इसीके साथ यहाँ पर बैलगाड़ियों और पशु चालित गाड़ियों का भी उनके पारंपरिक रूप में प्रयोग किया जा रहा है। यह ऐसा देश है जहां विभिन्न प्रकार की उपयोगी तथा रचनात्मक कलाओं में लगभग 169,00000 शिल्पकार अपनी प्रतिभाओं के द्वारा जुड़े हुए हैं और अपनी रचनात्मकता तथा उत्पादन के आधार पर जीवनयापन कर रहे हैं। भारत एक ऐसा देश है जहाँ एक कलाकार का सम्मान साहित्य अथवा वेद अथवा तत्वमीमांसा अथवा दर्शन अथवा विज्ञान के क्षेत्र में सर्वाधिक ज्ञानी विद्वान के रूप में किया जाता है। उदाहरण के लिए पूर्वी भारत के कई हिस्सों में पारंपरिक कुम्हारों को पंडित कहा जाता है। वे अपनी उपाधि के रूप में पंडित का प्रयोग करते हैं और उनकी रचनात्मकता को रीति-रिवाजों तथा अन्य अवसरों पर ब्राहमणों के समान मान्यता दी जाती है जो विवाह, जनेऊधारण उत्सव, विवाह समारोह, मुंडन उत्सव, शिक्षा आरंभ संस्कार आदि से संबंधित अनुष्ठानों को पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उनका सम्मान यही पर समाप्त नहीं होता बल्कि यह और भी आगे तक है। भारत के अधिकतर सांस्कृतिक तथा भौगोलिक क्षेत्रों/हिस्सों में कुम्हार, नाई और अन्य जैसे शिल्प समुदाय को जितना पारिश्रमिक एवं सम्मान प्राप्त हो रहा है वह ब्राहमणों के हिस्से का लगभग 40 प्रतिशत है। यह लोगों और उनकी रचनात्मकता के बीच सामंजस्य का एक अद्भुत उदाहरण है। मिथिला (बिहार) की महिलाएं, जो अब विश्व में अपनी असाधारण मैथिला अथवा मधुबनी चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध हैं, अपनी चित्रकारी अथवा ब्रश से डिजाइन बनाने की कला को लेखन की कला मानती हैं। जब भी किसी मिथिला चित्रकार से लोक चित्रकला के बारे में कुछ कहने के लिए कहा जाता है तो वह कहती है कि वह *कोहबर घर* (दुल्हन का कक्ष) लिख रही है। पुरातन संस्कृत परंपरा में लाक्षणिक रूप से एक शिल्पकार अथवा एक कलाकार की तुलना हमेशा भगवान से की गई है। हिन्दू धर्म में विष्णु के हजारों नाम हैं जिनमें से कई नाम कलाकृतियों से संबंधित हैं। इस्लाम में अल्लाह के सौ नामों में से एक नाम है कलाकार *मुसव्वर*। संस्कृत शब्द *कला* का अर्थ है दिव्य गुण, जो दैनिक जीवन का हिस्सा हैं, यह एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रतिबिंबित करता है। ललित कला और सजावटी कला, मुक्त कला अथवा सेवा के अंतर्गत सृजित कला के बीच कोई अंतर नहीं किया गया है। अठारह अथवा अधिक पेशेवर कलाओं (*शिल्प*) और चौंसठ व्यावसायिक कलाओं (कला) में सभी प्रकार के कौशल संबंधी क्रियाकलापों को सम्मिलित किया गया है। एक चित्रकार और मूर्तिकार के बीच कोई अंतर नहीं है। दोनों को *शिल्पी* अथवा *कारीगर* के नाम से जाना जाता है। *शिल्प* शब्द *असवाल्याना स्रोतसूत्र* में उत्सव-संबंधी कार्य का वर्णन करता है, और इस अर्थ में यह *करू* के करीब है, जो वैदिक संदर्भ में निर्माण के देवता विश्वकर्मा के लिए प्रयुक्त होता है, जिन्हें *धातुकर्मरा* के रूप में उल्लिखित किया गया है, जहाँ केवल *कर्मरा* का अर्थ कारीगरों तथा शिल्पकारों से है (ऋग-वेद X.72.2;*अथर्व-वेद*III 5-6; मनु IV 215)। विश्वकर्मा द्वारा *धातु,* "कच्ची सामग्री" से चीजें बनाने का उल्लेख किया गया है, जिसे *संघमना* कहा जाता है (ऋग-वेद X 72.2)।

भारत के एक 13वीं सदी के सूफी दार्शनिक और कवि अमीर खुसरो एक बार ईरान गए। ईरान में उन्हें अपना परिचय देने के लिए कहा गया। और उनका जवाब अद्भुत था: **"आप मुझे अपना परिचय देने के लिए क्यों कह रहे हैं! मैं भारत की आवाज़ हूँ/भारत को दोहराता हूँ?"** उन्होंने उत्तर दिया।

एक बार मोहम्मद गौरी ने भारतीयों के बेहतरीन शिल्प कौशल की प्रशंसा में कहा था: मैंने सुना है कि लोगों का एक ऐसा देश है जहाँ पर्वत सोने के बने हैं, कृषि योग्य भूमि *मखमल* की बनी है और इस भूमि के बच्चे हीरे से बनी खिलौने वाली गेंद से खेलते हैं।"

इसी प्रकार काशी की बुनाई का उल्लेख भारत के पुराने तथा पवित्र ग्रन्थों में प्राप्त होता है। वेदों में काशी के वस्त्रों का उल्लेख है। यह कहा जाता है कि गौतम बुद्ध के *महापरिनिर्वाण* के बाद उनके शरीर को *काशी वस्त्र* (अथवा कपड़े) में लपेटा गया था।

एक प्रश्न अभी भी अनसुलझा है और अनुत्तरित है। भारत में शिल्पकारों की स्थिति कैसी है? इस प्रश्न के अंत में एक बड़ा और गंभीर प्रश्न चिह्न है। भारत निश्चित तौर पर एक विशाल देश है। यह अपनी विविधता तथा जातीय विशिष्टता के कारण भी बड़ा है। यहाँ 3000 से अधिक जातियाँ तथा 432 से अधिक जनजातीय समुदाय, हिन्दू, इस्लाम, ईसाई, सिख, जैन, बुद्ध और पारसी धर्म को मानने वाले लोग सदियों से साथ रह रहे हैं। भारत के नागरिकों द्वारा 1650 से अधिक बोलियाँ बोली जाती हैं। भारत के लोगों में समरसता उल्लेखनीय है।

भारत के आयोजनाकार और नीति निर्माता इस देश की विभिन्न समस्याओं तथा चिंताओं का समाधान कर रहे हैं। वे शिल्पकारों और शिल्पकारिता की आवश्यकताओं की ओर भी ध्यान दे रहे हैं परंतु संभवत: यह मुद्दा इतना बड़ा और जटिल है कि इस मुद्दे को छुआ ही नहीं गया है। भारत के अधिकतर राज्यों में शिल्पकारों और उनके शिल्प की समस्याओं के समाधान के लिए शिल्प बोर्ड हैं। ये बोर्ड बाजार संपर्क जोड़ कर, उद्यम कौशल,शिल्प *मेले* और हाट/*बाजार* का आयोजन करके, शिल्पकारों को उनके उत्पादों का निर्यात करने में सहायता करके, शिल्पकारों को राज्य के सर्वश्रेष्ठ शिल्पकार के रूप में सम्मानित करके, छात्रवृत्ति प्रदान करके, आदि प्रयासों से समाप्त हो रहे शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के कार्य में भी लगे हैं। परंतु हमें एक बात नहीं भूलनी चाहिए कि सभी 169,00000शिल्पकारों और उनके शिल्प की आवश्यकता को पूरा करना एक सरल कार्य नहीं है। इसके लिए सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी की आवश्यकता है; योजनाकार, नीति निर्माता, प्रशासक, तकनीशियन, राजनेता, तकनीकी विशेषज्ञ, कला प्रेमी, स्वयं शिल्पकार और अंतिम परंतु महत्वपूर्ण समुदाय का प्रत्येक सदस्य।

कला की एक प्रमुख संस्था के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र भारत में लोक, जनजातीय, मौखिक, श्रव्य कलाओं के विभिन्न आयामों पर एकीकृत रूप से कार्य कर रहा है। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की एक पूर्णतया विकसित शाखा है - जनपद-संपदा प्रभाग - जो पूर्णतया भारत के सभी प्रकार के ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों की रचनात्मकता का अध्ययन करने के लिए समर्पित है। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र हिमाचल प्रदेश के *चंबा रूमल*; लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के *चिकन* कार्य; मिथिला (बिहार) की *मिथिला चित्रकारी*; पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के *कांथा*;छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड के मिट्टी के बर्तनों और लोहे के

काम; वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की बुनाई;पंजाब की *फुलकारी*; नीलगिरि पहाड़ियों (तमिलनाडु) की टोडा शॉल, राजस्थान की *फड़* चित्रकारी; कच्छ, गुजरात के रेवाड़ी समुदाय के सुई-धागे के काम और हिमाचल प्रदेश के गड्डी जनजाति के लोगों के शिल्प पर काम कर चुका है। ऐसे कार्य इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र को भारत में शिल्प तथा शिल्पकारों की पहचान के कार्य में सक्षम बनाते हैं।

आधुनिक विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के दबाव, वंचित समुदायों के लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार की नीतियाँ, भौतिक समृद्धि तथा संचार सुविधाएं बहुत ही तेजी से पारंपरिक क्षेत्रों में अतिक्रमण कर रही हैं और उन सभी सीमाओं को मिटा रही हैं जो कभी उनके संरक्षण में सहायक थीं। जनजातियाँ, अल्पसंख्यक समुदाय और पारंपरिक रूप से अलग-थलग समुदाय जीवन की मुख्य धारा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे हैं, तथापि तकनीक-केन्द्रित विकास को तेज करने की प्रक्रिया में कई कलाकार हमारी वर्षों पुरानी संस्थाओं के बुनियादी ढांचे - उनके देशी शिल्प तथा शिल्पकारिता के सार तथा सुंदरता को खो चुके हैं अथवा तेजी से खो रहे हैं। इस आक्रमण का सामना करना संभव होगा अथवा नहीं, ये समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएँ तथा प्रथाएँ हमारी नजरों से ओझल हो जाएँ उससे पहले इनकी याद को संरक्षित करना निश्चित रूप से संभव होना चाहिए। इस संदर्भ में यूनेस्को के प्रयास प्रशंसनीय हैं।

तथापि हम यह भी समझते हैं कि भारत जैसे देश में जहाँ 169,00000शिल्पकार विभिन्न प्रचलित, जीवंत, उपयोगी, सजावटी, समाप्त हो रहे तथा लुप्त हो रहे शिल्प कौशल के माध्यम से अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं, वहाँ एक लघु अवधि में सभी स्वरूपों तथा शिल्पकारों को इंगित करना तथा चिह्नित करना एक अत्यंत कठिन कार्य है। इस प्रकार की परियोजना के लिए निश्चित तौर पर काफी लंबा समय, बड़ी मात्रा में वित्तीय सहायता, विशेषज्ञों के रूप में भारतीय शिल्प के समर्पित विद्वानों तथा विशेषज्ञों के एक समूह, युवा एवं समर्पित शोध सहायकों, फोटोग्राफरों और बहुत से तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्य बल की आवश्यकता है। उपलब्ध संसाधनों और विशेषज्ञों से भारत के असम, मणिपुर, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और नागालैंड राज्यों को सम्मिलित करते हुए भारत की प्रमुख शिल्प कलाओं और शिल्पकारों को चिह्नित करने का एक प्रयास किया गया है।

सभी दुर्लभ, तेजी से समाप्त हो रही कला विधाओं के संरक्षण तथा प्रोत्साहन के लिए इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा उठाए गए सभी क़दमों के विषय में शैक्षणिक समुदाय, शिल्पकारों, कलाकारों, भारतीय कलाओं के स्वयंसेवकों, सामाजिक एनिमेटरों, आयोजकों, नीति निर्माताओं और सामान्य व्यक्तियों को भली-भांति जानकारी है। सबसे पहले केंद्र उन परंपराओं को चिह्नित करने में रुचि रखता है जो खतरे में हैं; उसके बाद यह उन समृद्ध प्रथाओं तथा परंपराओं पर ध्यान केन्द्रित करने में रुचि रखता है जिन पर अब तक बहुत कम ध्यान दिया गया है। ये धार्मिक अथवा सामाजिक, आर्थिक, पुरातात्विक, कला-ऐतिहासिक परंपराओं से संबंधित हो सकते हैं। ये प्रमुख अथवा गौण परंपराओं, सामाजिक समूहों, सामान्य अथवा महत्वपूर्ण परंपराओं, अल्पसंख्यकों अथवा बहुसंख्यकों की प्रथाओं तथा पद्धतियों से संबंधित हो सकते हैं। ये शिल्प अथवा खेल से संबंधित हो सकते हैं। ऐसे कई मुद्दों में से निम्नलिखित पर विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है:

1. प्रमुख परंपराएँ - वेदिक और शास्त्रीय (ललित कलाएं)।

2. गैर-प्रमुख परंपराएँ - लोक परंपराएँ, लोक नाटक, लुप्त हो रही कलाएं, सामाजिक-धार्मिक परंपराएँ (सूफी, वीरशैव आदि)

3. प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित पवित्र स्थान और/अथवा रिवाज।

4. लुप्त हो रही पांडुलिपियाँ और भाषाएँ।

5. रीति-रिवाज संबंधी कलाएं।

6. मौखिक परंपराएँ - कथा कालक्षेप, लोक गीत/ और प्रस्तुतियाँ आदि।

7. लुप्त हो रहे खेल

8. लैंगिक मुद्दे (जोगती पंथ, बसावी पंथ, गरुड़ परंपरा, यौवन रिवाज, विवाह रीतियाँ, विधवापन संबंधी रीतियाँ आदि)

9. फसल-कटाई संबंधी रीतियाँ।

10. जनजातीय परंपराएँ।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के एक विशेषज्ञ दल ने सांस्कृतिक पद्धतियों के तीन से पाँच क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया जो खतरे में थे। परियोजना तैयार करते समय विशेषज्ञों से निम्नलिखित घटकों को ध्यान में रखने का अनुरोध किया गया था:

- वह परंपराएँ जो खतरे में हैं
- वह क्षेत्र जिन पर ध्यान दिया जाना है और प्रलेखन का प्रकार।
- इस क्षेत्र में अभी तक किया गया कार्य।
- प्रमुख क्षेत्र की पहचान जहाँ परंपरा को अपनाया जाता था (किसी समय में)।
- परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक समय और प्रयोग की जाने वाली पद्धति।
- ग्रंथ सूची, यदि कोई हो।
- बजट

यह परियोजना, जैसा कि पहले ही ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, बहुत बड़ी प्रकृति की है। इसलिए उपलब्ध सभी आंकड़ों - प्राथमिक और सहायक - को रिपोर्ट में सम्मिलित करना संभव नहीं है; तथापि सीमित संसाधनों तथा समय-सीमा के साथ हमने यथासंभव सर्वाधिक सूचना देने का प्रयास किया है।

2. भारत का सांस्कृतिक मानचित्र

भारत के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में विशिष्ट कलाओं/शिल्प के लिए सांस्कृतिक जोन का चित्रण करने हेतु इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र टीम ने भारत के विस्तृत मानचित्र में ज्ञात प्रमुख शब्दों के साथ कलाओं/शिल्प को चिह्नित किया है। पाठक बिना किसी समस्या के कंप्यूटर पर कर्सर का प्रयोग करके शिल्प के बारे में आसानी से जान सकता है। यह मानचित्र नीचे दिया गया है:

चित्र	ए- कलाएं सी- शिल्प डी- नृत्य एम- संगीत आर- रीति-रिवाज एफ- त्योहार

6. अनुशंसाएं

अंत में निम्नलिखित इंगित अनुशंसाओं का सर्वसम्मति से सुझाव दिया गया है और हमें लगता है कि यदि इन्हें गंभीरता से लिया जाता है तो यह भारत में बहुत सारे शिल्प और शिल्पकारों की विरासत के प्रोत्साहन, संरक्षण तथा संवर्द्धन में सकारात्मक योगदान दे सकती हैं।

1. प्रत्येक व्यवसाय के सांख्यिकीय विश्लेषण तथा प्रलेखन के लिए विस्तृत सर्वेक्षण की तत्काल आवश्यकता है;

2. कला/रचनात्मकता में गुणवत्तापरक कार्यों के लिए मानक/मानदंड तैयार करना, यदि संभव हो तो तुरंत प्रभाव से, ताकि अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों/ स्वीकार्यता की तुलना की जा सके;

3. यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करना कि समूह/समुदाय के अधिकारों अथवा व्यक्तिगत अधिकारों के लिए दिशानिर्देश/नीति उपलब्ध कराई जाए;

4. यह सुनिश्चित करना कि क्रियाकलाप को जारी रखने के लिए सकारात्मक रूप से वित्तीय सहयोग दिया जाए;

5. अंतिम रूप से तैयार उत्पाद/प्रक्रिया का विपणन एक पैकेट के रूप में किया जाना चाहिए;

6. इस क्रियाकलाप को जारी रखने के लिए इसे नियमित विद्यालयी पाठ्यक्रम/शिक्षा का हिस्सा बनाया जा सकता है;

7. सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार विभिन्न स्तरों अर्थात जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाना चाहिए। वर्तमान में यह केवल राष्ट्रीय स्तर पर दिया जा रहा है और कुछ ही लोगों को इसकी जानकारी है।

8. देशी शिल्पकारों और आधुनिक तकनीशियनों के साथ मिल कर काम करना, एक पद्धति विकसित करना जिसके अंतर्गत एक शिल्पकार बेहतर उत्पादन तथा बड़ी मात्रा में उत्पादन के लिए कला की मौलिकता को नुकसान पहुंचाए बिना आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर सके।

9. यूनेस्को को सभी संभव सांस्कृतिक तथा भौगोलिक क्षेत्रों में भारत के शिल्प और शिल्पकारों को चिह्नित करने और उनकी स्थिति जानने के लिए अविलंब एक मेगा परियोजना शुरू करनी चाहिए (यदि संभव हो तो अन्य एजेंसियों जैसे यूएनडीपी, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान आदि के साथ मिल कर और नेटवर्किंग करके)। यह डाटाबेस दुर्लभ तथा समाप्त हो रहे कला/शिल्प के स्वरूपों को चिह्नित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे एक शोधकर्ता को उन स्वरूपों पर विस्तार से काम करने में भी सहायता मिलेगी जिन पर पहले काम अथवा अध्ययन नहीं किया गया है।

10. शिल्प को पारिस्थितिक निर्वाह तथा संसाधन प्रबंधन कार्यनीतियों, उत्सवों तथा रीति-रिवाजों, विपणन एवं विनिमय केन्द्रों के साथ जोड़ते हुए एक एटलस बनाए जाने की आवश्यकता है। इससे संसाधनों की उपलब्धता, पहुँच, उपयोग, पारंपरिक ज्ञान आधार में और शिल्प के लिए सांस्कृतिक सुदृढ़ता में कमियों का पता लगाने में सहायता मिलेगी।

11. समुदाय आधारित डिजाइन, पैटर्न, अर्थ तथा आकारों के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का संरक्षण आवश्यक है, ताकि मूल कृति के रूप तथा अनुभूति, रंग तथा बनावट के साथ स्वीकृति तथा क्षतिपूर्ति के बिना कोई छेड़-छाड़ न हो।

आंकड़ा शीट

कला

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	मिथिला चित्रकारी
	अंग्रेजी समतुल्य	Mithila Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	
	राज्य	बिहार
	जिला/तहसील	मधुबनी
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	महिला
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	

विवरण:

मिथिला चित्रकारी इस क्षेत्र की महिलाओं के एक प्रचलित रचनात्मक क्रियाकलापों में से एक है। यह मुख्य रूप से मिथिला की ग्रामीण महिलाओं द्वारा कागज, वस्त्र, रेडीमेड कपड़ों, चलायमान वस्तुओं आदि पर की जाने वाली एक प्रसिद्ध लोक चित्रकारी है। मूल रूप से यह एक लोक कला है,जिसमें मुस्लिम सहित सभी जाति और समुदायों की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक एवं सब्जी के रंगों का प्रयोग करके दीवारों और फर्श पर चित्रकारी की जाती है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	सामान्यत: महिलाएं कोहबर की चित्रकारी करती हैं
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	

संरक्षण की स्थिति:

संरक्षणात्मक उपाय: कुछ खास नहीं

उदाहरण (फोटो आदि):

चित्र

सूचना का स्रोत:

सामान्य स्वरूप:	कला/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य **कला**	
परंपरा का नाम	स्थानीय	सौरा चित्रकारी
	अंग्रेजी समतुल्य	Mural Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	कोरापुट, कालाहांडी
	राज्य	ओडिशा
	जिला/तहसील	रायगढ़, कालाहांडी
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	सौरा
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	व्यक्तिगत
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक/ जादुई लौकिक/ त्योहार	धार्मिक-जादुई

विवरण: लांजिया सौरा अपनी विशेष प्रकार की चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके भित्ति-चित्रों और भारत के महाराष्ट्र के वर्ली भित्ति-चित्रों में समानताएँ हैं। लांजिया सौरा भित्ति-चित्र न केवल सौंदर्य की अभिव्यक्ति से संबंधित हैं बल्कि इसका बड़ा जादुई-धार्मिक महत्व भी है। भिन्न-भिन्न प्रकार के भित्ति-चित्र हैं जिनमें उनके कार्यों के आधार पर भिन्नताएँ हैं। कार्य भी उस अवसर के अनुसार जिस अवसर पर इन्हें बनाया जाता है और उस उद्देश्य के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं जिसके लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गृह स्वामी, जादुई-धार्मिक विशेषज्ञ और अन्य सहायक अपनी संबंधित भूमिका निभाते हैं। सामान्यत: परिवार और समुदाय के बेहतर स्वास्थ्य तथा खुशहाली के लिए देवताओं को शरण देने हेतु भित्ति-चित्र बनाने के लिए निवास घर की अंदर की दीवार को प्राथमिकता दी जाती है। यह व्यापक तौर पर ज्ञात है कि लांजिया सौरा समुदाय का धार्मिक मूल्यों की ओर बहुत अधिक झुकाव है। वे विभिन्न देवताओं,देवियों, परोपकारी और अपकारी शक्तियों को आर्थिक जीवन से अधिक महत्व देते हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि उनका आर्थिक जीवन, सामाजिक जीवन, राजनैतिक जीवन, जीवन चक्र, लोक परंपराएँ और अन्य जीवन शैलियाँ जन्म से मृत्यु तक जून की शुरुआत से दिसंबर के अंत तक धर्म से जुड़ी होती हैं। धर्म उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनके चित्रों में धर्म के प्रति यह लगाव अलग-अलग तरीके से दिखाई देता है।

इन भित्ति-चित्रों के विभिन्न रूप एवं आकार हैं। चित्रकार खजूर के पेड़ से बने पारंपरिक ब्रश का प्रयोग करते हैं। चित्रकारी की सामग्री में प्रमुख घटक धूप में सुखाए हुए चावल होते हैं और चित्र को स्थायी तथा टिकाऊ बनाने के लिए कभी-कभी वे किसी पेड़ के लेटेक्स को इसमें मिलाते हैं। इन सबके अतिरिक्त वे विभिन्न प्रकार के चित्र बनाते हुए विभिन्न पेड़ों, पक्षियों, पशुओं तथा छिपकलियों आदि जैसी विभिन्न विशेषताओं के साथ-साथ उनकी मान्यताओं का समुचित लाभ उठाते हैं। उपर्युक्त सभी आकृतियाँ उद्देश्यों को देखते हुए और प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न मुद्राओं में चित्रित की जाती हैं। इन सबके अतिरिक्त इस विशिष्ट क्षेत्र में कलाकार के कौशल में विशेषज्ञता तथा उत्कृष्टता भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। कुछ ऐसे चित्रकार हैं जिन्हें समुदाय में विशेष दर्जा प्राप्त है जिसके कारण उन्हें बहुत सम्मान दिया जाता है। जब किसी जादुई-धार्मिक विशेषज्ञ को इस प्रयोजन से बुलाया जाता है तो सामान्यत: वह स्वयं कभी मना नहीं करता और सकारात्मक सहमति अथवा स्वीकार्यता देना उस व्यक्ति की सज्जनता मानी जाती है।

जब कभी जादुई-धार्मिक कार्यक्रम, विशेष रिवाज, भोज तथा त्योहार होते हैं तब बहुत सारे लोगों को आमंत्रित किया जाता है। जब चित्र बनाया जाता है तब बहुत आनंद और खुशियाँ मनाई जाती हैं।	
परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	
संरक्षण की स्थिति:	
संरक्षणात्मक उपाय:	
उदाहरण (फोटो आदि): चित्र सौरा चित्र सौरा जनजाति के लोगों के जीवन के दैनिक क्रियाकलापों को दर्शाते हैं। ये चित्र टसर सिल्क पर बनाए जाते हैं और लोगों, पशुओं तथा पेड़ों के भावों को प्रदर्शित करते हैं। सामान्यत: इन चित्रों में दैनिक क्रियाकलाप और उत्सव दर्शाए जाते हैं। ये बहुत सरल परंतु भावात्मक चित्रण होते हैं जो आदिम सार्वभौमिक भाषा बोलते हुए प्रतीत होते हैं।	
सूचना का स्रोत:दीनानाथ पथ्य (1996) लांजिया सौराओं के चित्र	

सामान्य स्वरूप:	कला/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य **कला**	
परंपरा का नाम	स्थानीय	**पट्टचित्र**
	अंग्रेजी समतुल्य	Scroll Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	पुरी
	राज्य	ओडिशा
	जिला/तहसील	रघुराजपुर, पुरी
जातीय समूह	जाति	कलाकार
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	महिला
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक/ जादुई लौकिक/ त्योहार	**धर्मनिरपेक्ष**

विवरण: पट्ट बनाने की प्रक्रिया एक लंबी प्रक्रिया है, और इस प्रक्रिया को पूरा करने में कम से कम पाँच दिन लगते हैं। प्रारंभ में इमली के बीजों का एक पेस्ट बनाया जाता है और इसे इमली के बीजों को लगभग तीन दिन तक पानी में भीगो कर किया जाता है। जब बीज फूल जाते हैं और मुलायम हो जाते हैं तो उन्हें तब तक मूसल के पत्थर से कूटा जाता है जब तक जैली जैसा पेस्ट न बन जाए। उसके बाद इस पेस्ट को एक मिट्टी के बर्तन में पानी में मिलाया जाता है और इसे गरम करके एक पेस्ट बनाया जाता है जिसे पारंपरिक रूप से निर्यास कल्प कहा जाता है।

उसके बाद चित्रकार कपड़े के समान आकार के दो टुकड़े चुनता है और इस पेस्ट की सहायता से उन दोनों को चिपकाता है। उसके बाद नरम मिट्टी के पत्थर का पाउडर बनाया जाता है और इसे इमली के पेस्ट में मिलाया जाता है। तैयार किए गए कैनवास पर दोनों सतहों पर इस मिश्रण की तीन परतें चढ़ाई जाती हैं। कैनवास को पूरी तरह से सुखाने के बाद सतहों को पुन: एक खुरदरे पत्थर से पॉलिश किया जाता है और बाद में एक चिकने पत्थर अथवा लकड़ी से पॉलिश किया जाता है, जो पट्टी को चमड़े जैसा रूप देता है, और अब यह चित्रकारी के लिए तैयार है। पॉलिश करने के लिए सामान्यत: लंबे समय तक काम करना पड़ता है और यद्यपि सामान्य रूप से पुरुष पट्टचित्र को पेंट करते हैं, परंतु पट्टी महिलाएं तैयार करती हैं। चित्रकार मुख्य रूप से सफ़ेद, काले, लाल, पीले, हरे तथा नीले रंग वाले रंगों का प्रयोग करते हैं। वे रंगों के संयोजन में एक निर्धारित पद्धति का अनुसरण करते हैं और इसके स्वरूप बहुत सजावटी होते हैं। ये रंग एकल टोन में होते हैं और कलाकार इनमें शेडिंग करने को बढ़ावा नहीं देते। ये सामान्यत: देशी होते हैं और प्राकृतिक घटकों के बने होते हैं।

सफ़ेद रंग के लिए शंख के खोल का प्रयोग किया जाता है। इन खोलों का पाउडर बनाया जाता है और कैथा फल की गोंद के साथ उबाला जाता है, लगातार हिलाया जाता है, जब तक यह एक पेस्ट न बन जाए। इस पेस्ट के थोड़े से हिस्से को पानी के साथ मिलाया जाता है और आवश्यकता होने पर उपयोग किया जाता है। काले रंग को तैयार करने के लिए दीपक से काजल पोरा जाता है। पानी से भरी हुई कांसे की एक प्लेट दीपक की लौ पर तब तक रखी जाती है जब तक कि कांसे की प्लेट की निचली सतह पर पर्याप्त मात्रा में कालिख एकत्रित नहीं हो जाती। उसके बाद काला रंग बनाने के लिए इस कालिख को कैथा अथवा बेल के फल की गोंद के साथ मिलाया जाता है। लाल रंग के लिए एक लाल पत्थर हिंगुलाल का पाउडर बनाया जाता है और

आवश्यक पानी तथा गोंद के साथ मिलाया जाता है। इस प्रकार लाल टेबलेट बनती हैं और इनका प्रयोग चित्रकारी के लिए किया जाता है। जल में घुलनशील एक सामग्री ढेऊ का भी लाल रंग के लिए प्रयोग किया जाता है।

पीला रंग हरताल नामक एक पीले पत्थर से उसी तरह बनाया जाता है जैसे लाल पत्थर से लाल रंग बनाया जाता है। हरा रंग प्राप्त करने के लिए हरी पत्तियों को कैथा फल से निकाली गई गोंद के साथ उबाला जाता है। कुछ हरे पत्थर भी हैं जिन्हें अन्य रंगीन पत्थरों की तरह तैयार किया जाता है और प्रयोग किया जाता है। चित्रकारों द्वारा नीले रंग का भी बहुत प्रयोग किया जाता है और नील का भी। इसे एक मुलायम पत्थर राजबर्ता से तैयार किया जाता है। चित्रकार अपने रंगों को मिलाने के लिए सुखाए गए नारियल की खोल और केया की जड़ से बनाए गए ब्रश का प्रयोग करते हैं। लकड़ी के हैंडलों पर चूहों के बाल लगा कर बेहतरीन ब्रश बनाए जाते हैं।

ओडिशा के चित्रकारों ने अपनी तेजी से बढ़ती प्रतिभा को अभिव्यक्ति के आम माध्यमों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सिल्क पर पट्टचित्र, ताड़ की पत्तियों की पाण्डुलिपियों के लिए चित्रण, आदि के रूप में विविधता दर्शाई। सिल्क के पट्टे तसर सिल्क से बनाए जाते हैं और इन पर चित्रकारी की जाती है और आधुनिक लोक चित्रकारों ने दीवार पर टाँगे जाने वाले खूबसूरत चित्र और सजावटी सामान तैयार किए हैं। परंतु इन सभी परिवर्तनों के बीच यह नोट करना सबसे रुचिकर होगा कि इन चित्रकारों ने उन आकृतियों और रंगों के प्रयोग को बनाए रखा है जो उन्हें उनकी पूर्व पीढ़ियों से प्राप्त हुए हैं। पट्टचित्र लोकप्रिय हो गए हैं और इस लोक चित्रकला के लिए ओडिशा के विभिन्न हिस्सों जैसे सोनपुर, बाँकी, खंडपाड़ा, ढेंकानाल, जयपुर, खल्लिकोते और भुवनेश्वर में केंद्र स्थापित किए गए हैं। पुरी जिले में शिल्प गाँव रघुराजपुर उल्लेखनीय है। यहाँ लगभग बाईस परिवार रहते हैं जो इस कला तथा शिल्प में कार्यरत हैं। उनकी प्रत्येक रचना में इस कला के प्रति समर्पण तथा ईमानदारी दिखाई देती है।

डॉ. एम. प्रसा टिप्पणी करते हैं: "ओडिशा चित्रकारी की यह दुनिया अद्भुत है, जो अपने आप में एक दुनिया है, जहाँ प्रत्येक वस्तु तथा आभूषण अपने अपरिवर्तनीय आकार, अपने स्थान तथा महत्व को बनाए रखता है, जहाँ प्रत्येक पशु की अपनी शैलीगत विशिष्टताएँ हैं, प्रत्येक व्यक्तित्व के प्राचीन पुस्तकों, धार्मिक मान्यताओं तथा स्थानीय परंपराओं द्वारा परिभाषित अचूक पहचान चिह्न हैं....." केया की जड़ से बनाए गए रंग और ब्रश। चूहे के बालों को लकड़ी के हैंडलों पर लगा कर बेहतरीन ब्रश बनाए जाते हैं।

ओडिशा के चित्रकारों ने अपनी तेजी से बढ़ती प्रतिभा को अभिव्यक्ति के आम माध्यमों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सिल्क पर पट्टचित्र, ताड़ की पत्तियों की पाण्डुलिपियों के लिए चित्रण, आदि के रूप में विविधता दर्शाई। सिल्क के पट्टे टसर सिल्क से बनाए जाते हैं और इन पर चित्रकारी की जाती है और आधुनिक लोक चित्रकारों ने दीवार पर टाँगे जाने वाले खूबसूरत चित्र और सजावटी सामान तैयार किए हैं। परंतु इन सभी परिवर्तनों के बीच यह नोट करना सबसे रुचिकर होगा कि इन चित्रकारों ने उन आकृतियों और रंगों के प्रयोग को बनाए रखा है जो उन्हें उनकी पूर्व पीढ़ियों से प्राप्त हुए हैं। पट्टचित्र लोकप्रिय हो गए हैं और इस लोक चित्रकला के लिए ओडिशा के विभिन्न हिस्सों जैसे सोनपुर, बाँकी, खंडपाड़ा, ढेंकानाल, जयपुर, खल्लिकोते और भुवनेश्वर में केंद्र स्थापित किए गए हैं। पुरी जिले में शिल्प गाँव रघुराजपुर उल्लेखनीय है। यहाँ लगभग बाईस परिवार रहते हैं जो इस कला तथा शिल्प में कार्यरत हैं। उनकी प्रत्येक रचना में इस कला के प्रति समर्पण तथा ईमानदारी दिखाई देती है।

डॉ. एम. प्रसा टिप्पणी करते हैं: "ओडिशा चित्रकारी की यह दुनिया अद्भुत है, जो अपने आप में एक दुनिया है, जहाँ प्रत्येक वस्तु तथा आभूषण अपने अपरिवर्तनीय आकार, अपने स्थान तथा महत्व को बनाए रखता है, जहाँ प्रत्येक पशु की अपनी शैलीगत विशिष्टताएँ हैं, प्रत्येक व्यक्तित्व के प्राचीन पुस्तकों, धार्मिक मान्यताओं तथा स्थानीय परंपराओं द्वारा परिभाषित अचूक पहचान चिह्न हैं....." केया की जड़ से बनाए गए रंग और ब्रश। चूहे के बालों को लकड़ी के हैंडलों पर लगा कर बेहतरीन ब्रश बनाए जाते हैं।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	समूह
संरक्षण की स्थिति: यह समुदाय तेजी से सिंथेटिक रंगों को अपना रहा है	
संरक्षणात्मक उपाय:	
उदाहरण (फोटो आदि): चित्र	
सूचना का स्रोत:	

सामान्य स्वरूप:	कला/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य **कला**	
परंपरा का नाम	स्थानीय	ओसाकोठी
	अंग्रेजी समतुल्य	Mural Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	गंजम
	राज्य	ओडिशा
	जिला/तहसील	गंजम
जातीय समूह	जाति	अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ब्राह्मण
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	ब्राह्मण, चित्रकारा और बौरी
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक/ जादुई लौकिक/ त्योहार	धार्मिक

विवरण:

राज्य के दक्षिणी भाग में महिलाएं अपने पतियों तथा परिवार के सदस्यों के कल्याण तथा खुशहाली हेतु देवताओं को खुश करने के लिए एक लोक धार्मिक संस्कार चित्रकारी उत्सव मनाती हैं। शाब्दिक रूप से ओसाकोठी दो शब्दों से बना है: ओसा और कोठी, जिनका अर्थ क्रमश: प्रायश्चित और पवित्र स्थान है।

इस प्रकार ओसाकोठी शब्द का अर्थ है ओसा संस्कारों का स्थल अथवा और अधिक सामान्य रूप में पूजा का स्थान। यह एक धार्मिक स्थल अथवा एक सामुदायिक भवन हो सकता है जहाँ सभी प्रकार के रीति-रिवाज किए जाते हैं। परंतु इसे ओसा संस्कार करने के लिए बनाए जाने वाले आयताकार अथवा वर्गाकार चित्रों के सीमित अर्थ में भी लिया जा सकता है। ओडिशा में ऐसे कई शब्द हैं जिन्हें ओसाकोठी के पर्याय के रूप में प्रयोग किया जाता है।

यह संस्कार सामान्यत: अश्विन शुक्लाष्टमी (सितंबर/अक्तूबर) को शुरू होते हैं और दशहरा तक चलते हैं। ये अश्विन पूर्णिमा तक भी चल सकते हैं। इन्हें शक्त मास (अश्विन) में शक्ति (देवी माँ) को खुश करने के लिए किया जाता है। इसे चैत्र के माह में भी मनाया जाता है क्योंकि इस माह को शिव की पूजा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। संस्कार तथा भोज कुछ दिन के अंदर किए जा सकते हैं अथवा महीनों तक जारी रह सकते हैं और ये आनंद उत्सव और नाट्य प्रदर्शन के साथ समाप्त होते हैं। आज-कल प्रमुख संस्कार दूर्गा पूजा के त्योहार के साथ होते हैं।

परंपरा

"एक समय की बात है, श्रिया नाम की महिला थी। उसके सात बेटे थे। वह राजा के महल में सफाई का कार्य करती थी। वह अपनी सुंदरता और भाग्य के लिए जानी जाती थी। रानी श्रिया के सात बेटों से जलती थी और उसने उन्हें मारने का आदेश दे दिया। श्रिया असहाय थी और अपने बच्चों को रानी के कहर से बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर सकी।" कई वर्ष गुजर गए। एक दिन नदी किनारे जाते समय श्रिया की मुलाक़ात एक महिला से हुई। वह महिला बदले हुए वेश में देवी मंगला थीं। श्रिया ने उनके साथ अपना दर्द साझा किया। उसके जवाब में उन्होंने श्रिया से सभी वांछित फल प्राप्त करने के लिए मंगलादेवी की पूजा करने के लिए कहा।

"आशा की किरण के साथ श्रिया अपने घर वापस आई और देवी माँ के निर्देशानुसार उसने एक पात्र लिया और इसकी पूजा की। इससे उसने अपने सभी सात बेटों को पुन: जीवित कर लिया। उसने बारह वर्ष तक

ओसा किया। जब रानी ने श्रिया के सात बेटों को देखा तो वह अचरज में पड़ गई और उसने पूछा कि ऐसा कैसे हुआ। जब उसे कहानी बताई गई तो उसने स्वयं देवी की पूजा शुरू कर दी और बाद में उसे सात बेटे हुए। वर्तमान युग में इस ओसा को मनुष्य के लिए कल्याणकारी संस्कार के रूप में प्रचारित किया जाता है।"

प्रथा

वास्तव में ओसाकोठी धार्मिक स्थल हमेशा एक अस्थायी संरचना होती है जहाँ देवी ठकुरानी पूरे वर्ष रहती है। इसे ग्रामदेवती भी कहा जाता है और इसे एक घट (पात्र) के रूप में दर्शाया जाता है और विभिन्न अन्य विवरण के साथ भित्ति-चित्रों के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

ओसाकोठी संस्कार के लिए मूलभूत आवश्यकताएँ बहुत सरल हैं: एक वेदी प्लेटफॉर्म अथवा संस्कार का सामान रखने के लिए कम से कम दीवार के आगे निकले हुए भाग के साथ भित्ति-चित्रों के लिए एक सादी दीवार, एक मंडप और प्रदर्शकों तथा दर्शकों के लिए खुला स्थान।

किसी भी ओसाकोठी धार्मिक स्थल के लिए अनिवार्य ओसाकोठी दीवार चित्रों के साथ कांथा अथवा कांथी (दीवार) अथवा बाय होती है जिन्हें प्राय: रूप, स्वरूप कहा जाता है। जिन दीवारों पर भित्ति-चित्र बनाए जाने होते हैं उनके संबंध में भिन्नताएँ होती हैं: पूरे डंडा घारा (स्वागत कक्ष) और बरामदे के कुछ भागों पर चित्रकारी की जाती है और बरामदे की किनारे की दीवारों को खाली रखा जाता है।

पूरे पिंधा घारा (बरामदे) के साथ दो किनारों की दीवारों और पीछे की दीवार के स्थान को दो भागों में बांटने वाले दरवाजे को पूरी तरह से ओसाकोठी भित्ति-चित्रों से ढका जाता है। पिंधा की केवल आगे की दीवार और प्रवेश द्वार पर चित्र बनाए जाते हैं और किनारे की दीवारें चित्रित नहीं की जातीं। पिंधा बरामदे की किनारे की एक दीवार अथवा आगे की दीवार के दरवाजे के साथ के कुछ हिस्से पर चित्र बनाए जाते हैं। पिंधा के एक किनारे और किनारे की एक दीवार और पीछे की दीवार को चित्रित किया जाता है।

यह आवश्यक नहीं है कि भित्ति-चित्रों को सीधे दीवार पर चित्रित किया जाए, परंतु इन्हें कपड़े अथवा कागज पर भी बनाया जा सकता है और बाद में दीवार पर टांगा जा सकता है। ओसाकोठी धार्मिक स्थल के भित्ति-चित्रों में 33 करोड़ देवी-देवता होते हैं। कम से कम 10 से 20 चित्रों और अधिकतम 100 देवताओं, देवियों, महाकाव्यों के नायकों और महान व्यक्तियों को भी देवताओं के सेवकों तथा रिशतेदारों के रूप में दर्शाया जाता है।

प्रतीकों के रूप में मंगलादेवी, इस्परा (अथवा शिव), दुर्गा, काली, चिनमासता, पार्वती, सरस्वती, गंगा और यमुना, ठकुरानी देवी, उनकी बेटियों और बेटों, पाँच पांडवों, भीम, गजभीम, कामधेनु, हनुमान, मयारूज़ (छलिया स्वर्ण हिरण), धोबा-धोबनी, आदि और योद्धाओं, पक्षियों, पशुओं, फूलों और फूलों के अन्य डिज़ाइनों को भी चित्रित किया जाता है।

ओसाकोठी चित्रकार कौन हैं?

इन चित्रकारों में वे पेशेवर सम्मिलित हैं जो अपने शिल्प कौशल से अपना निर्वाह करते हैं जिनमें प्राय: दीवारों, कपड़े तथा कागज पर चित्रकारी के अतिरिक्त खिलौने तथा ताश के पत्ते बनाना, जगन्नाथ मंदिरों की नियमित सेवा, और शाही परिवारों से संपर्क सम्मिलित है; आलंकारिक चित्रकारी उनका पेशा है और वे बहुत कम उम्र से ही यह चित्रकारी करते हैं। पुजारी समूह के चित्रकार प्राय: गरीब ब्राह्मण तथा माली होते हैं -बाद की श्रेणी के अर्थात माली निम्न सामाजिक श्रेणी के पुजारी होते हैं जिनके पास अधिक भूमि-संपत्ति नहीं होती, जो धार्मिक तथा अनुष्ठानिक सेवाएँ दे कर आजीविका अर्जित करते हैं। इनमें से अधिकतर शैव पुजारी होते हैं।

तीसरा समूह अर्थात बौरी चित्रकार निरक्षर किसान अथवा अन्य निम्न आय समूह के सदस्य होते हैं और इनकी कोई धार्मिक अथवा कला पृष्ठभूमि नहीं होती। ये मूल रूप से स्थानीय लोग होते हैं।

चित्रकार शिल्पकारों के कई परिवार उस क्षेत्र में बसे हुए हैं जहाँ ओसाकोठी चित्रकारी की जाती है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति	समूह

(समूह/व्यक्ति)	
संरक्षण की स्थिति: यह समुदाय तेजी से सिंथेटिक रंगो को अपना रहा है।	
संरक्षणात्मक उपाय:	
उदाहरण (फोटो आदि): चित्र (बिरांची नारायण मंदिर, बुगुडा, 18वीं सदी के अंत में, गंजम से)	

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	खेबा
	अंग्रेजी समतुल्य	Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	सिक्किम
	जिला/तहसील	उत्तरी और पूर्वी जिले
जातीय समूह	जाति	-
	जनजाति	कगाले
	अन्य	-
भागीदारी	व्यक्तिगत	पुरुष
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	यहाँ धार्मिक चित्रकारी होती है। - - -
विवरण: खेबा चित्रों के लिए स्थानीय रंगों का प्रयोग किया जाता है। ये चित्र देवताओं और देवियों की छवियों को दर्शाते हैं।		
परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण		
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	- यह एक अंशकालिक व्यवसाय है।	
संरक्षण की स्थिति: समाप्त होती परंपरा		
संरक्षणात्मक उपाय: कुछ खास नहीं		
उदाहरण (फोटो आदि):		
सूचना का स्रोत:डॉ. ए. के. दास		

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	सांची पतर पुथी
	अंग्रेजी समतुल्य	Palm-leaf Manuscript (पाण्डुलिपि परंपरा)
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	असम
	जिला/तहसील	ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के सभी जिले
जातीय समूह	जाति	असमिया हिन्दू जाति
	जनजाति	-
	अन्य	-
भागीदारी	व्यक्तिगत	पुरुष
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	यह धर्म से संबंधित एक पाठ्य परंपरा है। - - -

विवरण:

सांची पेड़ की पत्ती को धूप में सुखाया जाता है और आयताकार टुकड़ों में काटा जाता है। इन पत्तियों पर छोटे चित्र लिखे अथवा बनाए जाते हैं। बाद में इन्हें क्रमानुसार लकड़ी के दो आवरणों से सुरक्षित रखा जाता है। कभी-कभी इन लकड़ी के आवरणों को विशिष्ट आकृतियों में रंगा जाता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	कभी यह एक पूर्णकालिक व्यवसाय था।

संरक्षण की स्थिति: यह परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है।

संरक्षणात्मक उपाय:

उदाहरण (फोटो आदि):

सूचना का स्रोत:

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	
	अंग्रेजी समतुल्य	Tattooing (व्यक्तिगत श्रृंगार)
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	अरुणाचल प्रदेश
	जिला/तहसील	निचला सुबनसिरी
जातीय समूह	जाति	-
	जनजाति	अपातानी
	अन्य	-
भागीदारी	व्यक्तिगत	दोनों
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए व्यक्तिगत श्रृंगार के लिए धर्मनिरपेक्ष रिवाज है।

विवरण:

महिलाओं के मामले में टैटू माथे से नाक की नोक तक सीधी रेखा में बनाया जाता है और ठोडी पर कई छोटी रेखाएँ बनाई जाती हैं। पुरुषों के मामले में केवल ठोडी के मध्य में एक रेखा में टैटू बनाया जाता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	यह विशेषज्ञ का एक अंशकालिक व्यवसाय है।

संरक्षण की स्थिति: यह एक समाप्त होती परंपरा है।

संरक्षणात्मक उपाय:

उदाहरण (फोटो आदि):

सूचना का स्रोत:

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	मोहन बंसी
	अंग्रेजी समतुल्य	Flute
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	त्रिपुरा
	जिला/तहसील	दक्षिण त्रिपुरा जिला
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	जमातिया
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	पुरुष
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई **लौकिक** त्योहार	यह पुरुषों द्वारा बाजाया जाने वाला एक धर्म से संबंध न रखने वाला संगीत वाद्ययंत्र है।

विवरण:

मोहन बंसी स्थानीय रूप से पाए जाने वाले एक विशिष्ट बाँस से बनाई जाती है। यह जमातिया लोगों की विशेष बांसुरी होती है। त्योहारों और आनंद एवं हर्षोल्लास के अन्य अवसरों पर युवाओं द्वारा मनमोहक लोक धुनें बजाई जाती हैं। ये व्यक्तियों द्वारा स्वयं बनाई जाती हैं।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	यह बांसुरी यहाँ के लोगों द्वारा आम तौर पर बजाई जाती है।
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	आर्थिक महत्व के साथ इसका कोई सीधा संबंध नहीं है।

संरक्षण की स्थिति: यह एक समाप्त होती परंपरा है। लोक धुनें लगभग भुला दी गई हैं।

संरक्षणात्मक उपाय: कुछ खास नहीं

उदाहरण (फोटो आदि):

सूचना का स्रोत: डॉ. ए. के. दास समन्वयक:

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	खैसामाला/परबामाला
	अंग्रेजी समतुल्य	Bead Necklace
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	त्रिपुरा
	जिला/तहसील	दक्षिण त्रिपुरा जिला
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	जमातिया
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	महिला
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई **लौकिक** त्योहार	ये महिलाओं की व्यक्तिगत श्रृंगार की परंपरागत वस्तुएँ हैं।

विवरण:

जमातिया महिलाएं स्वयं अर्द्ध-कीमती पत्थरों, काँच के मनकों और पुराने सिक्कों का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के मनकों के हार बनाती हैं। कुछ हारों में रंगों का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है,पारदर्शी अंगारा मनकों का उपयोग असामान्य नहीं है। ये मनके म्यानमार से आते हैं।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	ये व्यक्तिगत श्रृंगार के आभूषण हैं।
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	उनके आभूषण परिवार की समृद्धि को दर्शाते हैं।
संरक्षण की स्थिति: यह एक समाप्त होती परंपरा है।	
संरक्षणात्मक उपाय: कुछ खास नहीं	
उदाहरण (फोटो आदि):	
सूचना का स्रोत: डॉ. ए. के. दास	समन्वयक:

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	रंबक
	अंग्रेजी समतुल्य	Coin-Necklace
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	त्रिपुरा
	जिला/तहसील	दक्षिण त्रिपुरा जिला
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	रियांग
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	महिला
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई **लौकिक** त्योहार	ये महिलाओं की व्यक्तिगत श्रृंगार की वस्तुएँ हैं।

विवरण:

विभिन्न मूल्य के पुराने सिक्कों का प्रयोग करके बनाए गए विभिन्न प्रकार के रंबक (हार) पाए जाते हैं। सबसे लोकप्रिय एक रुपये के चांदी के सिक्कों का रंबक है। चौथाई रुपये (पच्चीस पैसे) के सिक्कों के हार भी पाए जाते हैं। महिलाएं विभिन्न आकार के ऐसे विभिन्न हार पहनती हैं। ये बंद गले से शुरू होते हैं और छाती तक लटकते लंबे हार भी होते हैं।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	ये व्यक्तिगत श्रृंगार के आभूषण हैं- कहीं-कहीं ये माता द्वारा पुत्रियों को विरासत में मिलते हैं।
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	ये आभूषण व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को दर्शाते हैं।

संरक्षण की स्थिति: यह एक समाप्त होती परंपरा है।

संरक्षणात्मक उपाय: कुछ खास नहीं

उदाहरण (फोटो आदि): वीडियो

सूचना का स्रोत: डॉ. ए. के. दास समन्वयक:

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	किदारन चित्रकारी
	अंग्रेजी समतुल्य	
उत्पत्ति	क्षेत्र	
	राज्य	केरल
	जिला/तहसील	कासरगोड
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	

विवरण:

कन्नूर और कासरगोड जिलों में रहने वाला किदारन समुदाय किदारन चित्रकारी करता है। इन चित्रों का धार्मिक महत्व है और ये चित्रकारी सामान्यत: पवित्र स्थलों के अंदर दीवारों पर और धर्मस्थलों में लकड़ी पर की गई नक्काशी में की जाती है। यह पुरानी परंपरा समाप्त होने के कगार पर है। पहले सत्तर परिवार यह चित्रकारी करते थे और अब कासरगोड में तथा इसके आस-पास यह कलाकारी करने वाले केवल पाँच व्यक्ति हैं। इस कला को 'वीरालीपट्टु' के नाम से जाना जाता है और इसका प्रयोग थेय्यम धर्मस्थलों में किया जाता है। 'वीरालीपट्टु' एक सामान्य शब्द है जो योद्धा पंथ से संबंधित है। किदारन शंकुधारी वृक्ष की लकड़ी का प्रयोग करके पारंपरिक बॉक्स बनाने वाले व्यक्ति हैं। महिलाएं अरारोट पाउडर बनाती हैं और लकड़ी के बॉक्स तैयार करती हैं जिन्हें पेंट किया जाता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	

संरक्षण की स्थिति:

संरक्षणात्मक उपाय:

उदाहरण (फोटो आदि):

सूचना का स्रोत:प्रोफेसर सेत्तार

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	दावली चित्रकारी
	अंग्रेजी समतुल्य	Scroll Painting
उत्पत्ति	क्षेत्र	
	राज्य	केरल
	जिला/तहसील	एर्णाकुलम
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	

विवरण:

यह केरल की एकमात्र पट्ट-चित्रकारी परंपरा है। इसे *म्लावेली वायना* भी कहा जाता है। कलाकार (म्लावेली पंडारम) एर्णाकुलम और कोट्टायम जिलों के घरों और गाँवों में जाने के बाद उनके द्वारा बनाए गए कैनवास पर शिव की लीलाओं का वर्णन करते हैं। कलाकार पारंपरिक कौशल का प्रयोग करके एक महाकाव्य के दो अथवा तीन अध्याय कैनवास पर चित्रित करते हैं और इसे गाँवों में ले जाते हैं। बंगाल के *पट्टचित्र* कलाकारों की तरह दावली चित्रकार भी पारंपरिक पट्टचित्र प्रदर्शित करते हुए महाकाव्य का वर्णन करते हैं जहाँ प्रदर्शक घटनाक्रम के वर्णन के साथ पट्टचित्र दर्शाता है। यह एक धार्मिक प्रदर्शन होता है और इसका प्रदर्शन करने वाले केवल एक अथवा दो कलाकार जीवित हैं जो इस परंपरा को जारी रखने में रुचि नहीं रखते हैं। यह परंपरा केवल केरल के एर्णाकुलम जिले के अलुवा क्षेत्र में प्रचलित थी।

इसके कोई चित्र उपलब्ध नहीं हैं। इस परियोजना में एक कार्यशाला के साथ प्रलेखन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जाता है। इस कला स्वरूप की जानकारी प्राप्त करने के लिए बहुत कम कलाकार जीवित हैं। यदि इसका प्रलेखन तथा संरक्षण नहीं किया जाता तो यह बहुमूल्य परंपरा और दो वर्षों में गायब हो जाएगी।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	
संरक्षण की स्थिति:	
संरक्षणात्मक उपाय:	
उदाहरण (फोटो आदि):	
सूचना का स्रोत:प्रोफेसर सेत्तार	

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/**अन्य**	
परंपरा का नाम	**स्थानीय**	
	अंग्रेजी समतुल्य	
उत्पत्ति	क्षेत्र	
	राज्य	गुजरात
	जिला/तहसील	
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	चबरी समाज
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	**धार्मिक** जादुई लौकिक त्योहार	

विवरण:

यहाँ कलाकार जीवनशैलियों के बारे में और उन विभिन्न देवियों के बारे में बात करता है जिनकी वे पूजा करते हैं। वे चौधरी भाषा बोलते हैं और उनकी संस्कृति की रचनाएँ हाल ही में विकसित हुई हैं और आगे बढ़ने की प्रक्रिया में हैं। उनके गाँव में 12 झट्टियाँ होती हैं जिन्हें सजाया जाता है। उनकी कुल देवी कौसरी माता है जिनका कोई स्वरूप नहीं है। वह जंगल और संबंधित औषधीय पौधों की बात करता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	

संरक्षण की स्थिति: इसे मौखिक स्वरूप में बनाए रखा गया है

संरक्षणात्मक उपाय: इसे सहारा दिए जाने की आवश्यकता है

उदाहरण (फोटो आदि): वीडियो

सूचना का स्रोत:घुमंतू बंजारे और आदिवासी कार्यशाला

समन्वयक: डॉ. गौतम चैटर्जी

सामान्य स्वरूप:	**कला**/शिल्प/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/**अन्य**	
परंपरा का नाम	**स्थानीय**	
	अंग्रेजी समतुल्य	
उत्पत्ति	क्षेत्र	किन्नौर
	राज्य	हिमाचल प्रदेश
	जिला/तहसील	
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	जिलाकिनोई
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	

विवरण:

ये काश भाषा बोलते हैं और इनका गोत्र नेगी है। इस क्षेत्र में तीन प्रकार की जनजातियाँ हैं - काश, चंबेर और दोमांग। उनकी भाषा आस-पास की जनजातियों जैसे सोनी आदि से प्रभावित होती है। इनकी कोई लिखित पाण्डुलिपि नहीं है और पवित्र शिक्षा मौखिक रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित की जाती है। उनका मानना है कि उन्हें लगभग 100 वर्ष पहले राजा परम सिंह हिमाचल लाए थे। उनके कुल देवता नारायण और विष्णु हैं।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	हिमाचल प्रदेश, किनौर से जिलाकिनोर के राजेश।
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	

संरक्षण की स्थिति: इसे मौखिक स्वरूप में बनाए रखा गया है

संरक्षणात्मक उपाय: इसे सहारा दिए जाने की आवश्यकता है

उदाहरण (फोटो आदि): वीडियो

सूचना का स्रोत:घुमंतू बंजारे और आदिवासी कार्यशाला

समन्वयक: डॉ. गौतम चैटर्जी

शिल्प

सामान्य स्वरूप:	कला/**शिल्प**/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	
	अंग्रेजी समतुल्य	Basketing
उत्पत्ति	क्षेत्र	पूर्वोत्तर भारत
	राज्य	त्रिपुरा
	जिला/तहसील	दक्षिण त्रिपुरा जिला
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	हलम
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	पुरुष
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई **लौकिक** त्योहार	यह घर की आवश्यकता के सामान के लिए एक धर्म से असंबंधित शिल्प है।

विवरण:

हलम लोग अपने खाली समय में विभिन्न प्रकार की बांस की टोकरियाँ बुनते हैं जैसे - सामान ले जाने की टोकरियाँ, मछली पकड़ने की टोकरियाँ, मेहमानों के सामने रखने के लिए ट्रे, रपटेड्स अनाज की टोकरी आदि। विभिन्न प्रकार के बांस और बेंत स्थानीय तौर पर उपलब्ध हैं - जिन्हें शिल्पकार पाईका में काटते हैं और विभिन्न आकार तथा लंबाई की लचीली पट्टियाँ तैयार करते हैं। इन पट्टियों को एकल अथवा दोहरे रूप में प्रयोग किया जाता है और इनसे विकर्णीय समानान्तर डिजाइन (twill) में और खुले षट्कोण की तकनीक से विभिन्न टोकरियाँ बुनी जाती हैं। कुछ टोकरियों में आकर्षक आकार तथा उत्तम बनावट नजर आती है और इन्हें कला वस्तुओं के रूप में ब्रांड किया जाता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	हलम जनजाति के सभी वंश समूह।
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	वर्तमान में इस शिल्प -प्रथा का आर्थिक महत्व धीरे-धीरे अपना स्थान खो रहा है।

संरक्षण की स्थिति: चयनित शिल्प केन्द्रों में निर्माण के अपवादों को छोड़ कर कुछ खास नहीं, एक समाप्त हो रही परंपरा है।

संरक्षणात्मक उपाय: कुछ बहुत विशेष नहीं

उदाहरण (फोटो आदि):

सूचना का स्रोत:डॉ. ए. के. दास समन्वयक:

सामान्य स्वरूप:	कला/**शिल्प**/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	सेले मंडारी, लाचुए, दोहदू
	अंग्रेजी समतुल्य	
उत्पत्ति	क्षेत्र	उत्तरी भारत
	राज्य	हिमाचल प्रदेश
	जिला/तहसील	कुल्लू, चंबा और शिमला
जातीय समूह	जाति	
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	दोनों
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	लौकिक और त्योहार

विवरण:

ऐसे बहुत से शिल्प उत्पाद हैं जिनका आज-कल प्रयोग नहीं किया जाता। ये शिल्प ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम दिखाई देते हैं। जीवनशैली में बदलाव के साथ ये चीजें समाप्त हो रही हैं। इसलिए इन शिल्प कौशल का संरक्षण करने की बहुत आवश्यकता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	समूह
आर्थिक स्थिति (समूह/व्यक्ति)	निम्न
संरक्षण की स्थिति:	
संरक्षणात्मक उपाय: वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और टेपिंग	
उदाहरण (फोटो आदि):	
सूचना का स्रोत:	समन्वयक: डॉ. सूरत ठकल

सामान्य स्वरूप:	कला/**शिल्प**/संगीत/नृत्य/रिवाज/त्योहार/अन्य	
परंपरा का नाम	स्थानीय	पथ की कला
	अंग्रेजी समतुल्य	Floor Decoration
उत्पत्ति	क्षेत्र	कुल्लू
	राज्य	हिमाचल प्रदेश
	जिला/तहसील	कुल्लू
जातीय समूह	जाति	ब्राह्मण
	जनजाति	
	अन्य	
भागीदारी	व्यक्तिगत	
	समुदाय	
सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व	धार्मिक जादुई लौकिक त्योहार	धार्मिक

विवरण:

खनिजों से बनाए गए रंगीन पाउडर को लस्सी के साथ मिलाया जाता है और फर्श तथा दीवारों पर चित्रकारी की जाती है। केवल आकृतियों का प्रयोग करके चित्रकारी की जाती है। उच्च जाति (ठाकुरों) के लोगों द्वारा विवाह समारोह के दौरान फर्श और दीवारों की सजावट करने के लिए ब्राह्मण समुदाय की औरतों को आमंत्रित किया जाता है।

परंपरा से संबंधित व्यक्ति/समूह का विवरण	बंजर घाटी, कुल्लू के पंडित (ब्राह्मण) परिवारों की बूढ़ी महिलाएं।
